कार्यालय पुलिस उपायुक्त,
जोधपुर पूर्व

Rajasthan Police

@dcpeastjodhpur

Dcp Jodhpur East

|| प्रेस नोट ||

दिनांक :— 03.03.2023

- होली त्योहार एवं मण्डोर क्षेत्र की प्रसिद्व रावजी की गैर के आयोजन की व्यवस्थाओं बाबत् आयोजन समिति तथा सी.एल.जी. सदस्यों के साथ मिटिंग
- गैर के दौरान हथियार लेकर नहीं आने हेतु किया पाबंद
- गैर के गुजरने वाले प्रमुख मार्गो पर पुलिस का फ्लेग मार्च
- गैर के आयोजन के दौरान आसामाजिक तत्वों पर सतत् निगरानी रखने हेतु किया निर्देशित

होली के त्यौहार तथा दिनांक 07.03.2023 को मण्डोर क्षेत्र में निकलने वाली प्रसिद्व रावजी की गैर के आयोजन के संबंध में सी.एल.जी. सदस्यों के साथ पुलिस थाना मण्डोर में मिटिंग ली गई। जिसमें रावजी की गैर आयोजन समिति के सदस्यों तथा सी.एल.जी सदस्यों ने भाग लिया। इस गैर के आयोजन के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं तथा गैर के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के बारे में विचार विमर्श किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों तथा सी.एल.जी सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों पर समाधान बाबत् अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

गैर में कोई भी व्यक्ति हथियार लेकर नहीं आयेगा, इस बाबत् आयोजन समिति के सदस्यों को पाबंद किया गया। गैर के आयोजन के दौरान पर्याप्त जाब्ता तैनात किया जायेगा। गैर के गुजरने वाले मार्गों पर यातायात बाधित नहीं हो तथा आमजन को असुविधा नहीं हो इस बाबत् अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।

आयोजन समिति के सदस्यों तथा सी.एल.जी सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों के तहत शराब की दुकानों को नियत समय पर बंद करवायी जाकर अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरूद्व कठोर कानूनी कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। सोशल मिडिया तथा अन्य माध्यमों से फैलायी जाने वाली अफवाहों पर ध्यान न देकर इसकी सूचना तुरन्त पुलिस अधिकारियों को देने हेतु कहा गया। जिससे समय पर त्वरित कार्यवाही कर उनके विरूद्व कठोर कानूनी कार्यवाही की सके।

साथ ही रावजी की गैर के मण्डोर क्षेत्र में विभिन्न मार्गों से गुजरने के रास्तों पर पुलिस द्वारा फ्लेग मार्च का आयोजन किया गया।

आपके सहयोग की अपेक्षा में — जोधपुर पूर्व पुलिस

आदर्श पुलिस थाना मण्डोर
जोधपुर पूर्व
राव जी की गैर वर्ष 2023